moneywise. be wise.

## दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट ( कृषि ) 29 मई 2024

### मसाले

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनिया ( जून ) | 20-जून-24 | 7512.00 | 7556.00 | 7606.00 | 7650.00 | 7700.00 | मंदी |
| धनिया ( जुलाई ) | 19-जुलाई-24 | 7700.00 | 7700.00 | 7700.00 | 7700.00 | 7700.00 | मंदी |
| जीरा ( जून ) | 20-जून-24 | 26665.00 | 27130.00 | 27465.00 | 27930.00 | 28265.00 | मंदी |
| जीरा ( जुलाई ) | 19-जुलाई-24 | 27798.33 | 27696.67 | 27798.33 | 27696.67 | 27798.33 | मंदी |
| हल्दी ( जून ) | 20-जून-24 | 17821.33 | 18234.67 | 19061.33 | 19474.67 | 20301.33 | मंदी |
| हल्दी ( अगस्त ) | 20-अगस्त-24 | 18374.67 | 18797.33 | 19642.67 | 20065.33 | 20910.67 | मंदी |

### तिलहन एवं खाद्य तेल

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैस्टरसीड ( जून ) | 20-जून-24 | 5658.00 | 5679.00 | 5696.00 | 5717.00 | 5734.00 | तेजी |
| कैस्टरसीड ( जुलाई ) | 19-जुलाई-24 | 5734.33 | 5753.67 | 5769.33 | 5788.67 | 5804.33 | साइडवेज |

### अन्य कमोडिटी

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कपास ( अप्रैल-25 ) | 30-अप्रैल-25 | 1604.17 | 1607.83 | 1610.67 | 1614.33 | 1617.17 | साइडवेज |
| कोकूड ( जून ) | 20-जून-24 | 2705.00 | 2718.00 | 2734.00 | 2747.00 | 2763.00 | साइडवेज |
| कोकूड ( जुलाई ) | 19-जुलाई-24 | 2775.67 | 2789.33 | 2805.67 | 2819.33 | 2835.67 | साइडवेज |
| ग्वारसीड ( जून ) | 20-जून-24 | 5416.67 | 5446.33 | 5477.67 | 5507.33 | 5538.67 | साइडवेज |
| ग्वारसीड ( जुलाई ) | 19-जुलाई-24 | 5477.67 | 5507.33 | 5533.67 | 5563.33 | 5589.67 | साइडवेज |
| ग्वारगम ( जून ) | 20-जून-24 | 10547.67 | 10625.33 | 10694.67 | 10772.33 | 10841.67 | साइडवेज |
| ग्वारगम ( जुलाई ) | 19-जुलाई-24 | 10683.33 | 10762.67 | 10830.33 | 10909.67 | 10977.33 | साइडवेज |
| मेंथा ऑयल( मई ) | 31-मई-24 | 883.37 | 885.53 | 888.27 | 890.43 | 893.17 | मंदी |
| मेंथा ऑयल( जून ) | 30-जून-24 | 900.43 | 907.27 | 918.53 | 925.37 | 936.63 | मंदी |

**One has to follow the trend and see the price only at closing. This is not for Intra day trading.

# कृषि कमोडिटीज आउटलुक

## मसाले

रेलू खरीद में सुस्ती के कारण हल्दी की कीमतों में गिरावट जारी रही जिसके परिणामस्वरूप वायदा प्लेटफॉर्म पर मुनाफावसूली बढ़ गई। निर्यात संबंधी पूछताछ कम है और निर्यात मौसमी होने के कारण इसके धीमे रहने की संभावना है, जिससे निकट भविष्य में हल्दी के लिए बाजार का सेंटीमेंट कमजोर रहेगा । निजामाबाद बाजार में हल्दी के हाजिर भाव 17330 पर है, जिससे हाजिर और वायदा कीमतों में अंतर उम्मीद के मुताबिक कम हुआ और 1300 अंक के करीब पहुँच गया। हल्दी में कमजोरी सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि कमजोर उत्पादन संभावनाओं और गुणवत्तापूर्ण उपज की सीमित उपलब्धता के कारण कीमतों में हर गिरावट पर आक्रामक खरीददारी होगी। कमजोर निर्यात मांग अभी भी हल्दी के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है, जिससे इसकी बढ़त सीमित हो सकती है । मार्च-24 में भारत से हल्दी का निर्यात 7% कम होकर 17.43 हजार टन रह गया, जबकि अप्रैल-23-मार्च-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष से 4.7% कम होकर 162.0 हजार टन दर्ज किया गया। **हल्दी की कीमतें 18200-19000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

हाल ही में हुई बढ़त के बाद आपूर्ति में सुधार के साथ जीरा वायदा में गिरावट जारी रही। बंपर उत्पादन अनुमान और किसानों तथा स्टॉकिस्टों के पास भारी स्टॉक के कारण कीमतों पर दबाव पड़ा। जीरे का अधिकांश स्टॉक अभी भी स्टॉकिस्टों के पास है और वे बेहतर प्राप्ति होने पर ही अपना स्टॉक जारी करेंगे। कमजोर मांग के कारण हाजिर में कमजोरी के कारण हाजिर और वायदा के बीच मूल्य अंतर अपेक्षा के अनुसार कम हुआ। वायदा के 28365 के मुकाबले ऊंझा बाजार में जीरे के हाजिर भाव 28815 पर आ गए। हाजिर भाव अभी भी वायदा के मुकाबले करीब 500 अंक अधिक प्रीमियम पर हैं। ऊंझा में हाजिर भाव अभी भी वायदा के मुकाबले प्रीमियम पर हैं, जिससे वायदा भाव में तेजी आएगी क्योंकि वायदा भाव हाजिर के मुकाबले प्रीमियम पर हैं। लेकिन बढ़त सीमित होने की संभावना है क्योंकि भारत में वर्ष 2024 में जीरा का बंपर उत्पादन होने का अनुमान है, जो साल-दर-साल 30% से बढ़कर 8.5 लाख टन तक हो सकता है। मार्च 24 में भारत से जीरा निर्यात 73% बढ़कर 32.12 हजार टन हो गया। चीन और बांग्लादेश से मांग में अधिक वृद्धि हुई जिससे हाल के सप्ताहों में समग्र निर्यात को समर्थन मिला। **जीरा की कीमतें 27000-30000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

आवक में कमी के कारण धनिया की कीमतों में तेजी आने की संभावना है। कीमतों में गिरावट के साथ आवक में कमी आई और तकनीकी चार्ट पर कीमतों को 7400 के करीब समर्थन मिला। 7400 से नीचे कोई भी ब्रेकआउट कीमतों को 7000 की ओर खींच सकता है। भारी कैरीफॉरवर्ड स्टॉक और मिल मालिकों की सीमित खरीदारी से कीमतों में गिरावट आने की संभावना है। लेकिन कमजोर आपूर्ति और बढ़ी हुई निर्यात मांग से बढ़त सीमित होने की संभावना है। चीन और बांग्लादेश से मांग बढ़ी है, जिससे निर्यातकों को कीमतों में हालिया गिरावट के कारण धनिया खरीदने के लिए प्रेरित किया है। मार्च-24 की तुलना में अप्रैल-24 में कुल आवक 41% कम हो गई है क्योंकि किसान कीमतों में अधिक वृद्धि की उम्मीद में अपने स्टॉक को जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समय अवधि के दौरान धनिया का कुल निर्यात 71.18 हजार टन तक पहुंच गया। धनिया का कुल उत्पादन साल-दर-साल 26% कम होने की संभावना है, जिससे धनिया में प्रमुख रुझान तेजी का रहेगा। **धनिया की कीमतें 7200-7650 के दायरे में रहने की संभावना है।**

## अन्य कमोडिटीज

सप्लाई की चिंता के कारण कपास की कीमतों में तेजी के रूझान के साथ कारोबार की उम्मीद है। आईसीई कॉटन वायदा में कमजोरी से बाजार की धारणा पर असर पड़ा। आवक कम रहने की संभावना है क्योंकि वर्ष 2023-24 में 323.1 लाख गांठ उत्पादन में से लगभग 280.6 लाख गांठ की आवक हुई है। **एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 55000-57000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है, जबकि कपास ( अप्रैल 25 ) वायदा की कीमतों के 1575-1620 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

ग्वारसीड वायदा में साइडवेज कारोबार होने की उम्मीद है क्योंकि वर्ष 2024 में मानसूनी बारिश की सामान्य शुरुआत की उम्मीद से बाजार की भावनाओं पर दबाव पड़ेगा। मौसम की स्थिति बुआई गतिविधियों के अनुकूल रहने की संभावना है जिससे ग्वार के क्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लेकिन, अभी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी क्योंकि ग्वार के लिए खेती की लागत पर रिटर्न तुलनात्मक रूप से कम है। ग्वार में नुकसान सीमित होने की संभावना है क्योंकि आपूर्ति कम हो गई है, जिससे ग्वारगम के निर्यात की मांग में सुधार हुआ है जिससे ग्वार की कीमतों में भी वृद्धि होगी। फरवरी-24 में ग्वार गम का निर्यात सालाना 46% बढ़कर 37.3 हजार टन हो गया। **ग्वारसीड की कीमतों को 5300 रू पर सपोर्ट मिल सकता है जबकि 5700 पर रेजिस्टेंस रह सकता है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 10300-11200 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

आपूर्ति की स्थिति में सुधार के कारण मेंथा तेल की कीमतों में गिरावट की संभावना है क्योंकि मध्य क्षेत्र में नई आवक बढ़ने की संभावना है। मेंथा ऑयल का निर्यात बढ़ने से गिरावट सीमित होगी। भारत ने मार्च-24 के दौरान लगभग 207 टन मेंथा तेल का निर्यात किया, जबकि सरकार की नवीनतम विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष के 202 टन की तुलना में मार्च-24 में मेन्थॉल निर्यात 3% साल-दर-साल बढ़कर 855 टन हो गया। **मेंथा ऑयल की कीमतों के 910-940 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

बाजार में आपूर्ति कम होने से अरंडी की कीमतों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। पेराई मांग में सुधार की संभावना है जिससे कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिलेगी। अरंडीकेक और तेल की सुस्त मांग बढ़त को सीमित कर सकती है। **अरंडी वायदा की कीमतों के 5550-5900 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।